बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए स्वागत एवम् परिचय समारोह

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में दिनांक 31 जुलाई, 2015 को कलासंकाय का परिचय व स्वागत समारोह का आयोजन महाविद्यालय के संभाग प्रथम के सभागार में किया गया. बी.ए. प्रथम वर्ष के नवागन्तुक विद्यार्थियों के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता थे. सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई. प्राचार्य महोदय ने विद्यार्थियों को अपने जीवन मे सही दिशा चुनने के लिए प्रेरित किया और बताया कि पढाई के साथ साथ महाविद्यालय द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यावसाय उपयोगी कोर्सों की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है और इन कोर्सों का लाभ लेकर भविष्य में कही भी किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं.

डॉ0 जयपाल सिंह ने विभिन्न क्लबों से अवगत कराया. डॉ0 नरेश कामरा ने यू.जी.सी. ग्रान्ट, स्कालरशिप और एड. ऑन कोर्स की जानकारी दी. पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ0 रामचंद्र ने सभी विद्यार्थियों को पुस्तकालयों के नियमों की जानकारी दी. डॉ0 गीता गुप्ता ने सांस्कृतिक गतिविधियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया. डॉ0 जगवीर सिंह ने खेल कूद संबंधित गतिविधियों की चर्चा की. श्रीमती रितु ने एन.एस.एस. और महिला प्रकोष्ठ की जानकारी दी. डॉ0 मनोज शुक्ला ने कैरियर काउंसलिग की जानकारी दी. इस कार्यक्रम में श्रीमती कमल टंडन, श्रीमती किरण आनन्द, डॉ0 नरेश कामरा, श्रीमती रितु, डॉ0 राम चन्द्र, डॉ0 सारिका, श्रीमती मंजू गुप्ता, डॉ0 जगवीर सिंह, श्री विनोद राठी, श्रीमती विनीता शर्मा, श्रीमती पूजा शर्मा और कार्यालय से श्रीमती संतोष गुप्ता, श्री अली खाँ, श्री महेश कुमार, श्री त्रिलोक चन्द्र और श्री पवन जैन आदि उपस्थित थे. कार्यक्रम का संचालन डॉ० सारिका ने किया. कार्यक्रम की संयोजिक श्रीमती किरण आनन्द के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ.

कार्यक्रम के अन्त में छात्राओं को बैग और फ्रूटी वितरित की गई.